एक नजर में

भूखंडों के आवंटन की अंतिम तिथि 15

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा टीकमगढ़ जिले में स्थित विभागीय औद्योगिक क्षेत्र सुनौरा खिरिया में रिक्त औद्योगिक भूखंडों के आवंटन हेतु 15 नवम्बर को अपराह्न 5 बजे तक एक्सप्रेशन ऑफइन्टरेस्ट आमंत्रित किये गए है। उक्त प्रक्रिया विभागीय पोर्टल पर संपादित की जाएगी। प्रक्रिया अंतर्गत प्रमुख शर्तें इस प्रकार हैं, तदनुसार प्रत्येक भूखंड हेतु आवेदन शुल्क 5000 रूपये होगा। आवेदन शुल्क वापसी योग्य नहीं होगा। आवेदन शुल्क के अतिरिक्त आवेदित भूमि हेतु आवेदन दिनांक को प्रचलित प्रव्याजी प्रीमियम की 25 प्रतिशत अग्रिम राशि पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा करनी होगी। भूखंडों का आवंटन मध्यप्रदेश एमएसएमई को औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम 2025 के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा। नियम, प्रक्रिया एवं भूखंडों आदि की विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाईट से प्राप्त की जा सकती है।

निर्धारित से अधिक दामों में बेची जा रही खाद

किसानों ने आरोप लगाते हुए की जांच की मांग

खरगापुर नगर के दुकानदार कर रहे कालाबाजारी

नवभारत न्यूज टीकमगढ/खरगापुर

नगर खरगापुर में किसानों को दुकानदारों द्वारा निर्धारित दाम से अधिक दामों में खाद की विक्री की जा रही है। जिससे किसान अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है। जिला कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के लाख प्रयास के बाद भी इस व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है। संबंधित विभाग के अधिकारी दुकानों पर जाकर न तो स्टाक की जानकारी ले रहे हैऔर न ही दुकानदारों को रेट सूची लगाने के निर्देश दे रहे है। अधिकारियों की इस मौन स्वीकृति के चलते दुकानदार खाद के नाम पर किसानों की जेब पर डाका डालने का काम कर रहे है। किसानों ने जिला प्रशासन से उचित दाम पर खाद मुहैया कराए जाने की मांग की है।

दरअसल इस दिनों जिले के नगर खरगापुर के व्यापारियों के द्वारा भोले भाले किसानों की जेब में डाका डाला जा रहा है। खाद व्यापारियों द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक रेत पर खाद बेचा जा रहा है खबर यह है जिस खाद की बोरी का दाम 250 से लेकर 300 रूपए निर्धारित है उसे दुकानदार 400 से 500 रूपए में बेच रहे है। इसके अलावा जो खाद 1400 रुपया का बेचना चाहिए उसको 1800 से 1900 रूपए तक में बेचा जा रहा है। भारत डीएपी जो मशीनों में शून्य है उसे पर्याप्त मात्रा में 1800 से 1900 में बेचने का आरोप किसानों द्वारा लगाया जा रहा है। यह खाद कहा से आ रहा हैं यह तो संबंधित विभाग के अधिकारी ही बता पाएगे। नगर खरगापुर में किसानों को दुकानदारों द्वारा निर्धारित दाम से अधिक दामों में खाद की विक्री की जा रही है। जिससे किसान अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है। जिला कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के लाख प्रयास के बाद भी इस व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है। अधिकारी दुकानों पर जाकर न तो स्टाक की जानकारी ले रहे हैऔर न ही दुकानों पर रेट सूची चस्पा करा रहे है।

जांच के नाम पर महज खानापूर्ति

कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा मौके पर किसी भी प्रकार की कोई भी कार्यवाही नहीं की जा रही है। कृषि विभाग ने अभी तक किसी भी दुकान पर रेट सूची चस्पा नहीं कराई है। साथ ही कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने किसानों को खाद के लिए जो टोकन व्यवस्था बनाई थी उसकी मानीटरिंग की जा रही है। जिसके चलते दुकानदारों के होसले बुलंद है और वह मनमाफिक दमो में किसानों को खाद बेच रहे है। विभाग के द्वारा कोई कार्यवाही और जांच नहीं की जा रही है। जांच के नाम पर अधिकारियों द्वारा महज खानापूर्ति की जाती है।

ब्लैकमेलिंग के मामले में दो गिरफ्तार

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

स्कूली छात्रों से मारपीट और ब्लैकमेलिंग के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया। इस मामले में कुल सात युवकों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई थी जिनमें से पांच नाबालिग हैं।

कोतवाली थाना प्रभारी बृजेंद्र चाचौंदिया ने बताया कि गिरफ्तार किए आरोपियों की पहचान मयंक भरभूजा और हर्ष भारती के रूप में हुई है। शेष पांच आरोपी नाबालिग है जिसकी अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस के अनुसार दो छात्रों के अभिभावकों ने अलग-अलग शिकायतें दर्ज कराई थीं। शुक्रवार रात आरके सोनी के बेटे की शिकायत पर दो लड़कों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद पार्षद मोना जैन ने भी अपने बेटे के साथ मारपीट और ब्लैकमेलिंग की शिकायत दर्ज कराई जिसमें सात लड़कों का नाम शामिल था। शिकायत करने वाले नौवीं कक्षा के एक छात्र ने पुलिस को मोबाइल चैट के सबूत भी दिखाए जिनमें आरोपियों द्वारा पैसे मांगने और मारपीट की धमकी दी गई थी। आरके सोनी ने बताया कि उनके बेटे के साथ पढ़ने वाले दो छात्रों ने पहले उससे दोस्ती की। बाद में वे उससे घर से पैसे मंगवाने लगे। जब तक उनका बेटा पैसे देता रहा तब तक सब ठीक था।पैसे नहीं देने पर यह मामला सामने आया है।

कार्यकर्ताओं ने नगर में निकाला पथ संचलन

नवभारत न्यूज जतारा।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस के स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जतारा में छोटी देवी प्रांगण से लेकर पूरे नगर में घूमते हुए भव्य पंथ संचलन यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में आरएसएस के स्वयंसेवकों ने अनुशासनबद्ध पंक्तियों में मार्च करते हुए अखंड भारत, संगठन और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया यात्रा का शुभारंभ छोटी देवी प्रांगण से हुआ, जहां स्वयंसेवकों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से वातावरण को देशभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया।

यात्रा शताब्दी वर्ष पर आयोजित की गई थी और यह जतारावासियों के लिए प्रेरणा का प्रतीक बन गई। पूरे नगर में अनुशासन, एकता और राष्ट्रभाव का वातावरण देखने को मिला। पंथ संचलन के दौरान मार्ग के दोनों ओर स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। कई स्थानों पर जलपान की व्यवस्था भी की गई थी। बैंड-बाजों की देशभक्ति धुनों और लहराते केसरिया ध्वजों से पूरा कस्बा राष्ट्रभाव से सराबोर नजर आया है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला शारीरिक प्रमुख मनीष सोनी, पवन भट्ट , एनल तेजस्व विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे ।

महाविद्यालय में हुआ युवा उत्सव

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय स्नातकोत्तर महाविध्यालय टीकमगढ़ में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया,जिसमें साहित्य एवं रूपांकन की 13 विधा में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में जिले के समस्त महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ केएल जैन सेवानिवृत्त अतिरिक्त संचालक, प्राचार्य एवं कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ केसी जैन, विशिष्ट अतिथि डॉ इंद्रजीत जैन, विशिष्ट अतिथि डॉ ए बी खरे तथा कन्या महा विद्यालय की प्राचार्य एवं विशिष्ट अतिथि डॉ प्रवीण झाम ने माँ सरस्वती का पूजन एवं दीप प्रज्वलन करके किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विभिन्न महाविद्यालयों के द्वारा प्रस्तुत किये गये मनमोहक एकांकी एवं मूक अभिनय रहे। शासकीय पीजी कॉलेज टीकमगढ़ के छात्रों द्वारा बुंदेलखंड के गौरव आल्हा एवं ऊदल का नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय टीकमगढ़ के छात्रों ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा शासकीय महाविध्यालय जतारा, पलेरा, बलदेवगढ, मोहनगढ़, लिधौरा एवं शासकीय कन्या महा विद्यालय के प्रतिभागियों ने भी कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न विधाओं में प्रथम स्थान भी प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ रजनी राय ने किया एवं आभार व्यक्त डॉ प्रतिक्षा चौबे युवा उत्सव प्रभारी ने किया।

न्यायमूर्ति ने विद्यार्थियों से किया संवाद

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

न्यायमूर्ति, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, द्वारकाधीश वंशल द्वारा पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई के साथ पुलिस लाइन परिसर स्थित दिशा लर्निंग सेंटर का भ्रमण किया गया। इस दौरान न्यायमूर्ति ने अध्ययनरत विद्यार्थियों से सौहार्दपूर्ण एवं प्रेरक संवाद स्थापित करते हुए उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया।

पुलिस अधीक्षक श्री मंडलोई ने न्यायमूर्ति को दिशा लर्निंग सेंटर की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि टीकमगढ़ पुलिस द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए यहां शांत, अनुशासित एवं प्रेरक अध्ययन वातावरण सृजित किया गया है। सेंटर में विद्यार्थियों को नि:शुल्क पुस्तकें, समाचार पत्र, मैगज़ीन, वाई-फाई सुविधा एवं निरंतर मार्गदर्शन सत्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समय-समय पर विद्यार्थियों को परीक्षा तैयारी से संबंधित उपयोगी सुझाव एवं प्रोत्साहन भी प्रदान किए जाते हैं। पिछले सत्र में दिशा लर्निंग सेंटर के 30 से अधिक विद्यार्थी एमपी पुलिस, एसएससी, व्यापम एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होकर चयनित हुए हैं, तथा यह सफलता का क्रम सतत जारी है।

दिन-रात के तापमान में आ रही गिरावट

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। पिछले तीन दिनों से चल रही सर्द हवाओं के कारण ठंड बढ़ गई है। बीते 24 घंटों में दिन और रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। शनिवार को न्यूनतम तापमान 1.7 डिग्री घटकर 11.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया जबकि शुक्रवार को यह 13.5 डिग्री सेल्सियस था। ठंडक शुरू होने से छोटे बच्चों में मोसमी बीमारी की आशंका देखी जा रही है। भू अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। गुरुवार को दिन का पारा 29.8 डिग्री और शुक्रवार को 28.5 डिग्री सेल्सियस रहा। शनिवार को अधिकतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया न्यूनतम तापमान की बात करें तो गुरुवार को यह 14 डिग्री, शुक्रवार को 13.5 डिग्री और शनिवार को घटकर 11.8 डिग्री सेल्सियस पर आ गया।

प्रतियोगिता में रूपांकन की विधाएं प्रस्तुत

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय स्नातकोत्तर महाविध्यालय टीकमगढ़ में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया,जिसमें साहित्य एवं रूपांकन की 13 विधा में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में जिले के समस्त महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ के. एल. जैन सेवानिवृत्त अतिरिक्त संचालक, प्राचार्य एवं कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ के सी जैन, विशिष्ट अतिथि डॉ इंद्रजीत जैन, विशिष्ट अतिथि डॉ एबी खरे तथा कन्या महा विद्यालय की प्राचार्य एवं विशिष्ट अतिथि डॉ प्रवीण झाम ने माँ सरस्वती का पूजन एवं दीप प्रज्वलन करके किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विभिन्न महाविद्यालयों के द्वारा प्रस्तुत किये गये मनमोहक एकांकी एवं मूक अभिनय रहे। शासकीय पीजी कॉलेज टीकमगढ़ के छात्रों द्वारा बुंदेलखंड के गौरव आल्हा एवं ऊदल का नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय टीकमगढ़ के छात्रों ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा शासकीय महाविध्यालय जतारा, पलेरा, बलदेवगढ, मोहनगढ़, लिधौरा एवं शासकीय कन्या महा विद्यालय के प्रतिभागियों ने भी कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न विधाओं में प्रथम स्थान भी प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ रजनी राय ने किया एवं आभार व्यक्त डॉ प्रतिक्षा चौबे युवा उत्सव प्रभारी ने किया।

मतदाता सूची का करें गहन पुनरीक्षण : कलेक्टर

समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

शासन की तमाम योजनाओं की हुई समीक्षा

नवभारत,न्यूज टीकमगढ़।

प्रत्येक सोमवार की तरह इस सोमवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने की। बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने खाद वितरण, मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण, भावांतर योजना, सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्रोत्रिय ने मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण, जनजातीय गौरव दिवस की बैठक में दिए गए निर्देश, आदि कर्मयोगी अभियान, खाद वितरण, भावांतर योजना, सीएम हेल्पलाइन, कोर्ट प्रकरण, अवमानना प्रकरण,आयुष्मान भारत योजना, विभिन्न विभागों के अंतर्गत की प्रगति, सीएम डेस बोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं की समीक्षा, टीएल पत्रों पर की गई कार्यवाही , विगत टीएल बैठक में दिए निर्देशों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह, एसडीएम टीकमगढ़ श्रीमती संस्कृति मुदित लटौरिया,एसडीएम बल्देवगढ़ श्रीमती भारती देवी मिश्रा, एसडीएम जतारा संजय कुमार दुबे, डिप्टी कलेक्टर सुश्री अंजली शर्मा सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्रोत्रिय ने खाद वितरण, मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण, भावांतर योजना, सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण, जनजातीय गौरव दिवस की बैठक में दिए गए निर्देश, आदि कर्मयोगी अभियान, खाद वितरण, भावांतर योजना,सीएम हेल्पलाइन, कोर्ट प्रकरण, अवमानना प्रकरण ,आयुष्मान भारत योजना, विभिन्न विभागों के अंतर्गत की प्रगति, सीएम डेस बोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं की समीक्षा कर निर्देश दिए है।

मनमानी सिलेंडरों की होम डिलीवरी न करने का लगाया आरोप

उपभोक्ताओं की नाराजगी का केंद्र बनी गैस एजेंसी

नवभारत न्यूज पलेरा।

नगर पलेरा में स्थित मां गायत्री इंडियन गैस एजेंसी एक बार फिर उपभोक्ताओं की नाराजगी का केंद्र बन चुकी है। स्थानीय निवासियों ने एजेंसी पर न केवल वितरण में भारी भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है, बल्कि यह भी शिकायत की है कि महीनों से समय पर गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी नहीं की जा रही है, जिससे सैकड़ों परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उपभोक्ताओं का आरोप है कि एजेंसी द्वारा गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी के साथ-साथ नियमित रूप से ग्राहकों को समय पर गैस उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। कई उपभोक्ताओं ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि सामान्य बुकिंग के बाद गैस मिलने में 15 से 20 दिन तक का समय लग रहा है, जबकि यदि अतिरिक्त पैसे दिए जाएं तो सिलेंडर तुरंत उपलब्ध हो जाता है। इसके अलावा, डिलीवरी बॉय द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक पैसे वसूलने की शिकायतें भी आम हैं।

समय पर होम डिलीवरी न होने के कारण उपभोक्ताओं को अपनी दैनिक दिनचर्या में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। कई लोगों को मजबूरन खाना पकाने के लिए वैकल्पिक साधनों जैसे लकड़ी या चूल्हा का उपयोग करना पड़ रहा है। एक स्थानीय निवासी ने बताया कि मैने कई बार एजेंसी प्रबंधक से शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि गैस की कमी है, जबकि बाजार में वही सिलेंडर आसानी से मिल रहे हैं, बस कीमत ज्यादा देनी पड़ रही है। परेशान उपभोक्ताओं ने जिला प्रशासन और खाद्य आपूर्ति विभाग से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। निवासियों ने जिला आपूर्ति अधिकारी को एक लिखित शिकायत भेजने का भी मन बनाया है, जिसमें एजेंसी के खिलाफ लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की उच्च स्तरीय जांच और सेवा में सुधार की मांग की गई है। उपभोक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो वे एजेंसी के सामने विरोध प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे। जिसकी संपूर्ण जबाबदारी जिला प्रशासन की होगी ।

बुकिंग के बाद 20 दिनों में मिल रहा सिलेंडर

नगर पलेरा में स्थित मां गायत्री इंडियन गैस एजेंसी कई उपभोक्ताओं ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि सामान्य बुकिंग के बाद गैस मिलने में 15 से 20 दिन तक का समय लग रहा है, जबकि यदि अतिरिक्त पैसे दिए जाएं तो सिलेंडर तुरंत उपलब्ध करा दिया जाता है। इसके अलावा सिलेंडर की डिलीवरी करने वाले कर्मचारी द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक पैसे वसूलने की शिकायतें भी अब आम बन चुकी है।

ट्राफिक जाम के तमाम प्रयास हो रहे विफल

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर में ट्राफिक जाम हो जाने की समस्या आज से नहीं बल्कि कई वर्षों से है। इसके लिए तमाम तरह के प्रयास किए जा चुके हैं, लेकिन शहर की ट्राफिक व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। शहर के मुख्य बाजार में दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों का सामान सड़कों पर रखने के कारण आए दिन जाम लगता है। हालात यह बनते हैं कि कई बार तो घंटों ऐसी स्थिति देखने को मिलती है और फिर पुलिस के जवानों को मैदान में उतरकर इससे लोगों को निजात दिलाना पड़ती है। शहर के सबसे व्यस्ततम इलाके स्टेट बैंक, सुभाष बुक डिपो, नजाई मंडी, मजदूर चौराहा में जाम जैसी स्थिति देखने को मिलती है। इसके साथ ही कोतवाली के ठीक बगल में स्थित प्रधानपुरा की गली में जाम लग जाता है।

कर्मचारी के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज जतारा।

नगर परिषद जतारा के रिटायर्ड कर्मचारी देवीप्रसाद दुबे का अचानक स्वास्थ्य खराब हो जाने से उनका स्वर्गवास हों गया था स्वर्गवास हो गया है। कर्मचारी के निधन की खबर लगते ही समूचे नगर परिषद कार्यलय में शोक की लहर दौड़ गई।

नगर परिषद अध्यक्ष अनुराग सुनील नायक रामजी एवं समस्त स्टाफ ने मिलकर 2 मिनट का मौन धारण कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अध्यक्ष श्री नायक ने कहा कि स्वर्गीय देवी प्रसाद दुबे निष्पक्ष, ईमानदार व लगनशील व्यक्ति थे । नगर परिषद परिसर अध्यक्ष अनुराग रामजी नायक, सीएमओ पदम जैन व समस्त कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर शोक-संवेदना व्यक्त कर अपने अपने विचार रखे। जतारा नगर परिषद के रिटायर्ड कर्मचारी देवीप्रसाद दुबे का अचानक स्वास्थ्य खराब हो जाने से उनका स्वर्गवास हों गया था स्वर्गवास होने पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।